# योजनाओं का लाभ दूरस्थ और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिले यह हमारा संकल्प हो: राज्यपाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

राज्यपाल ने कहा कि वंचित और अंत्योदय वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है। विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए योजनाओं का लाभ दूरस्थ और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिले यह हमारा संकल्प होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधार जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया और देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों को ऋण सहायता स्वीकृत की। इस मौके पर राजभवन में आयोजित स्क्रीनिंग कार्यक्रम में राज्यपाल



लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को राजभवन में आयोजित स्क्रीनिंग कार्यक्रम में नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के तहत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किए।

राज्यपाल ने कहा आज केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन योजनाओं को वंचित और पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार आज विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत हर योजना को आखिरी लाभार्थी तक पहुंचाकर उसे लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है जिससे उन्हें मुख्यधारा में लाया जा सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित सफाई मित्रों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी श्रमिक अग्रिम पंक्ति में योद्धा की भांति कार्य करते हैं और अपनी मेहनत के बल पर समाज में एक नया बदलाव ला रहे हैं।

पीएम-सूरज और नमस्ते इकोसिस्टम सशक्तिकरण के लिए सराहनीय पहल है:

राज्यपाल ने कहा कि हाशिए पर खड़े लोगों का सामाजिक सशक्तिकरण किसी भी समाज के लिए सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। कमजोर और वंचित वर्ग को उनका पूरा हक मिले इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इनको सशक्त करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पीएम-सूरज और नमस्ते इकोसिस्टम भी समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय पहल है। यह योजनाएं स्पष्ट रूप से दलितों एवं वंचितों के उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, सविता कपूर, अनिता ममगाईं, निदेशक शहरी विकास नितिन सिंह भदौरिया, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, डीएम देहरादून सोनिका, सीडीओ झरना कमठान, सहायक निदेशक शहरी विकास विनोद सुमन सहित योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने परिवार और बच्चों के संग मनाया लोकपर्व फूलदेई

**त्योहार**

**8 देहरादून सहित प्रदेशभर में चैत्र की संक्रांति पर फूलदेई त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

फूल संक्रांति फूलदेई पर्व उत्तराखंड में गुरुवार को उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवार और बच्चों के साथ अपने आवास पर लोकपर्व फूलदेई धूमधाम से मनाया।

देहरादून सहित प्रदेशभर में चैत्र की संक्रांति पर फूलदेई त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देहरी पूजन के लिए बच्चे घर-घर जाते हैं। इन बच्चों को फुलारी कहा जाता है। बच्चों ने सभी के



घरों की देहलियों पर फूल डाले और फूलदेई के गीत गाए। इस दिन शहर कई जगह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बच्चों ने घर-घर जाकर लोगों के घरों और मंदिरों में फूलों से देहरी पूजन किया। लोगों ने बच्चों को तरह-तरह की मिठाइयां और पैसे दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री आवास पर भी रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने देहरी पर फूल व चावल बिखेरकर पारंपरिक गीत "फूल देई छमा देई, जतुक देला, उतुक सई, फूल देई छमा देई, देड़ी द्वार भरी भकार" गाते हुए त्योहार की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रकृति का आभार प्रकट करने वाले फूलदेई पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि लोकपर्वों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।

## श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा का लाभ देने के लिए बनेगी कमेटी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 के अंतर्गत आच्छादित के संबंध विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 के अंतर्गत आच्छादित के संबंध में बैठक हुई।बैठक में उत्तराखंड राज्य में कार्यरत संविदा, सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 के अंतर्गत आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तार से विमर्श हुआ।

# हरिद्वार सीट से त्रिवेंद्र का नाम घोषित होने पर मुख्यमंत्री आवास पर जश्न

**आतिशबाजी**

**8 जहां तक त्रिवेंद्र समर्थकों का सवाल है, वह मोदी लहर के बीच जीत के प्रति आश्वस्त हैं।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

हरिद्वार लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने त्रिवेंद्र सिंह रावत के नाम की घोषणा से उनके डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। फिर रात में जमकर आतिशबाजी हुई, ढोल बजे, मिठाइयां बंटी और टिकट मिलने का जश्न मनाया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के आवास पर करीब तीन साल में यह




पहला मौका होगा, जब उनके समर्थकों का इतना हुजूम नजर आया हो।

वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटने के बाद से त्रिवेंद्र सिंह रावत की सक्रियता में कभी कमी नहीं आयी। कभी रक्तदान, तो कभी दूसरे अभियानों के जरिये वे सार्वजनिक जीवन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जब उन्हें डोईवाला सीट से टिकट नहीं दिया गया तो इस बात को और बल मिला कि पार्टी हाईकमान की उन पर नजरें इनायत नहीं है। हालांकि उनका ये दबाव जरूर रहा कि उनके करीबी बृजभूषण गैरोला को उनकी सिफारिश पर भाजपा उम्मीदवार बनाया गया। गैरोला चुनाव में जीते, तो इसे त्रिवेंद्र सिंह रावत की ही जीत माना गया।

हरिद्वार सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को पार्टी हाईकमान ने टिकट देकर उन्हें एक और मौका दिया है। त्रिवेंद्र को टिकट देने के लिए पार्टी हाईकमान को हरिद्वार सीट पर मौजूदा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक का टिकट काटना पड़ा है। हिन्दुत्व की जिस तरह से पूरे देश में लहर चल रही है, उस लिहाज से देखें, तो गंगा नगरी हरिद्वार की सीट के भाजपा के लिए महत्व को समझा जा सकता है। हालांकि त्रिवेंद्र सिंह रावत भाजपा के पुराने व अनुभवी नेता हैं, लेकिन इस सीट पर प्रत्याशी बतौर वे नया चेहरा हैं। पार्टी अब एंटी इनकमबेंसी की आशंका से भी मुक्त है। जहां तक त्रिवेंद्र समर्थकों का सवाल है, वह मोदी लहर के बीच जीत के प्रति आश्वस्त हैं। वैसे भी पिछले दो लोकसभा चुनाव से इस सीट पर भगवा परचम ही बुलंद हो रहा है।

इन स्थितियों के बीच, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी को महसूस किया जा सकता है। तीन साल की अग्निपरीक्षा में वह सफल साबित हुए हैं।

वह बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड: तीन आईएएस और 06 पीसीएस सहित 10 अधिकारियों का तबादला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

शासन के बुधवार रात्रि तीन आईएएस, 06 पीसीएस और 01 सचिवालय सेवा सहित 10 अधिकारियों का स्थान्तरण किया है।

अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश में आईएएस हरि चन्द्र सेमवाल से सचिव-मानवाधिकार आयोग बदल लिया गया है। शेष पदभार यथावत रहेंगे। सचिव-सैनिक कल्याण विभाग सचिवालय प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार, प्रोटोकॉल विभाग का अतिरिक्त प्रभार, सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दीपेन्द्र कुमार चौधरी को सचिव मानवाधिकार आयोग का अतिरिक्त प्रभार मिला है। आईएएस आशीष भटगांई निदेशक-समाज निदेशालय, हल्द्वानी को निदेशक-प्रशासन एवं मानीटरिंग, पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय, उधमसिंहनगर और मुख्य कार्मिक अधिकारी - पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय, उधमसिंहनगर की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है।

अपर सचिव गृह विभाग, आवास अपर सचिव-गृह विभाग विभाग सचिवालय सेवा के अतर सिंह से आवास अपर सचिव-गृह विभाग हटा लिया गया है।

पीसीएस मो. नासिर से निदेशक, प्रशासन एवं मानीटरिंग, पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय, उधमसिंहनगर, मुख्य कार्मिक पन्तनगर अधिकारी, विश्वविद्यालय, उधमसिंहनगर कृषि का अतिरिक्त प्रभार को बदलकर संयुक्त निदेशक-डॉ आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल दिया गया है।

पंकज उपाध्याय को अपर जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के साथ साथ सचिव-जिला विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंहनगर अतिरिक्त प्रभार मिला है।

दिनेश प्रताप सिंह को वर्तमान दायित्व के साथ प्रधान प्रबंधक-चीनी मिल नादेही, उधमसिंह नगर का अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी मिली है। कौस्तुभ मिश्र डिप्टी कलेक्टर से सचिव, जिला विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंहनगर अतिरिक्त प्रभार हटा लिया गया है। डिप्टी कलेक्टर-हरिद्वार जितेन्द्र कुमार को नगर आयुक्त-नगर निगम रुड़की अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर-हरिद्वार एवं नगर आयुक्त नगर निगम, रुड़की से विजयनाथ शुक्ल को बदलकर सचिव-जिला विकास प्राधिकरण, नैनीताल, महाप्रबंधक-अतिरिक्त प्रभार, कुमाऊं मंडल विकास निगम बनाया गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 25वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलने के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मांगें पूरी नहीं हुई है, जिससे उनमें रोष है। पूरे प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 19 फरवरी से नगर के दीनदयाल पार्क में धरने पर बैठे हैं। गुरुवार को भी 25वें दिन आंगनबाड़ी कार्यकताओं का धरना जारी रहा।

आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मांग है कि न्यूनतम मजदूरी छह सौ रुपये प्रतिदन के हिसाब से 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए और सीनियरिटी के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ाया जाए। इनकी अन्य मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिटायरमेंट होने पर 10 लाख रुपये देने, इंटर पास कार्यकताओं को उनके 50 वर्ष पूरे होने पर उनके मानदेय वृद्धि, कार्यकताओं को गोल्डन कार्ड जारी करने की मांग शामिल है। संगठन के नेताओं का कहना है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आखिरी दम तक लड़ेंगे, चाहे उसका हश्र कुछ भी हो।

धरने पर रेखा नेगी, मीनाक्षी रावत, पूनम कैन्तौरा, पिंकी, ज्योतिका पांडे, सुधा और सोनी सहित अन्य लोग शामिल बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने 5 फरवरी को विधानसभा के समाने रैली कर अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा था। 16 फरवरी को हर जिले में जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे गए और आश्वासन न मिलने पर 19 फरवरी से कार्य बहिष्कार प्रारंभ हो गया। 3 मार्च को प्रशासन ने भी मुख्यमंत्री से आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मिलवाया था, लेकिन बात केवल एक कमेटी के गठन तक बढ़ी है। इस कमेटी को मानदेय बढ़ोतरी और अन्य प्रकरणों पर विचार करने को कहा गया है।

# मंत्री धन सिंह ने किया हेलसिंकी विश्वविद्यालय का भ्रमण, बोले- स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम पर करेंगे विचार

**शिक्षा प्रणाली**


**8 -विभागीय सचिव ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ साझा की शिक्षा प्रणाली**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ हेलसिंकी विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

यूरोपीय देशों के शैक्षणिक भ्रमण पर गये प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने जारी बयान में बताया कि बुधवार को उन्होंने विभागीय टीम के साथ फिनलैंड की हेलसिंकी विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। जहां उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थित प्लेफुल लर्निंग सेंटर व पुस्तकालय का अवलोकन किया। प्लेफुल लर्निंग सेंटर में बच्चों को खेल गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया जाता है, जिससे बच्चों की समझ जल्द विकसित होती है।

विश्वविद्यालय भ्रमण के दौरान वास्कला विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता हेदि लेन ने फिनलैंड की स्कूली शिक्षा पर प्रस्तुतिकरण दिया। साथ ही उन्होंने भ्रमण दल के सदस्यों



द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिये। इस दौरान डॉ रावत ने हेलसिंकी विश्वविद्यालय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एमयूओ किए जाने की आवश्यकता जताई। साथ ही उन्होंने स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने पर विचार करने और फिनलैंड में छात्रों के प्रसन्न रहने के कारणों पर शोध किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

विभागीय सचिव रविनाथ रामन ने उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था को हेलसिंकी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के समक्ष साझा किया गया। उन्होंने एससीईआरटी व प्रत्येक डायट में फिनलैंड की तर्ज पर प्लेफुल लर्निंग सेंटर बनाए जाने की भी बात कही।

इस अवसर पर निदेशक, अकादमिक शोध एवम प्रशिक्षण वंदना गर्बयाल, अपर निदेशक एससीईआरटी अजय नौडियाल, संयुक्त निदेशक कंचन देवराडी, बी पी मैंदोली, एम एम जोशी, प्रद्युम्न रावत,डॉ दीपक प्रताप व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेड़ पर लटका मिला अज्ञात का शव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह नहर किनारे एक व्यक्ति का पेड़ से लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह डायल 112 पर किसी संजय गुप्ता नाम के व्यक्ति ने ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को एक शव के नहर किनारे लगे पेड़ पर लटका होने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को पेड़ से उतारा। पुलिस ने मृतक के बारे में आसपास लोगों से जानकारी ली, किन्तु शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

# समान नागरिक संहिता पर हुई गोष्ठी

**गोष्ठी**

**8 कुछ जनजाति क्षेत्र को छोड़कर यह नियम सभी उत्तराखंड निवासियों पर लागू होगा,**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर में उत्तराखंड राज्य में लागू हुई समान नागरिक संहिता पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख दीपक कुमार तायल ने बताया कि राष्ट्रीय समान नागरिक संहिता में किसी के अधिकारों में कटौती नहीं



की गई है, बल्कि महिलाओं तथा बाल अधिकारों के संरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसमें बहु विवाह जैसी तलाक जैसी संपत्ति अधिकार जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। कुछ जनजाति क्षेत्र को छोड़कर यह नियम सभी उत्तराखंड निवासियों पर लागू होगा, यदि वह उत्तराखंड में रहते हैं तो या उत्तराखंड के निवासी होने के पश्चात भी दूसरे राज्य में रहते हैं, तब भी उन पर यह नियम लागू होगा समान नागरिक संहिता लागू होने के पश्चात समाज के अंदर विभेद तथा प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा अनुचित तरीके से अपनी बात को मनवाने की परंपरा पर लगाम लगेगी तथा साथ ही साथ यदि लिविंग रिलेशनशिप में रहते हैं तो उसको भी कानूनी रूप से अपने आप को रजिस्टर करना होगा।

# ऋषिकेश नगर में जलभराव से निपटने की योजना तैयार

**बैठक**

**8 सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ शहरी विकास मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने की बैठक**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

क्षेत्रीय विधायक व शहरी विकास मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में पिछले वर्ष जून माह में भारी वर्षा के कारण हुए जलभराव के निकासी के लिए बनाई योजना की समीक्षा करने के लिए बैठक की।

डॉ. अग्रवाल को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले



वर्ष जून माह में जलभराव की नेपाली फार्म से चंद्रभागा नदी शहरी क्षेत्र तक जल निकासी के लिए आगणन किया जा रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र रायवाला के आडवाणी प्लाट में जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान को करीब 10 करोड़ रुपये की लागत योजना तैयार की गई है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भी जलभराव के स्थायी निकासी का आगणन कर अग्रेतर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा काल से पूर्व कार्य में प्रगति होनी चाहिए। इस दिशा में कार्य किया जाए। इसके अलावा डॉ. अग्रवाल ने गौहरी माफी और खदरी क्षेत्र के निर्माण कार्यों की भी जानकारी हासिल की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि खदरी में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि गौहरी माफी में गतिमान है। डॉ. अग्रवाल ने शेष कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दिनेश उनियाल, एसडीओ अनुभव नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

# आईआईटी रुड़की में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना महत्वपूर्ण पहल: धामी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार एवं आई.आई.टी रुड़की के मध्य अनुसंधान एवं विकास हेतु ऑटो सेक्टर तथा ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में उत्कृष्टता एवं उद्योग त्वरक केन्द्र की स्थापना से संबंधित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हेतु आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार की दो महत्वपूर्ण इकाइयों के सहयोग से यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न ह्लविकसित भारत 2047ह्ल के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। आईआईटी रुड़की न केवल



उत्तराखंड में, बल्कि पूरे देश में उच्चतम एवं गुणवत्तापरक शिक्षा का प्रतीक ही नहीं, एक बेहतर उच्च तकनीकि संस्थान भी है। यहां के तकनीकि शिक्षा के दक्ष छात्र देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आईआईटी रुड़की ने नवाचार के क्षेत्र में हमेशा महत्वपूर्ण कार्य किया है। आईआईटी रुड़की में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा इंडस्ट्री एक्सेलरेटर की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल है, जो निसंदेह उत्तराखंड के समग्र विकास तथा नवाचार में योगदान करेगी। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडस्ट्री एक्सेलरेटर हमें न केवल एक ज्ञान निर्भर अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेंगे, बल्कि हमें अनुसंधान के क्षेत्र में भी सहायता करेंगे। उत्कृष्टता केन्द्र उद्योगों में प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए सक्रिय रूप से योगदान देगा तथा ऑटोमोटिव क्षेत्र में स्वदेशी समाधानों और उत्पादों के विकास को भी प्रेरित करेगा।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्र भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और तकनीकि उत्कृष्टता एवं आर्थिक समिद्ध में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शैक्षणिक पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हमारे युवा मस्तिष्कों को ऑटोमोटिव और संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। यह साझेदारी उत्तराखंड के विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी प्रगति की ओर महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की पहल के लिए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया विजन को नई ऊंचाई तक पहुंचाएगा तथा केंद्र सरकार के सहयोग से हमारी पहल को और भी मजबूत बनाएगा।

# मां गंगा के द्वार हरिद्वार से मेरा आत्मीय नाता रहा है: त्रिवेन्द्र सिंह रावत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हरिद्वार लोकसभा सीट से नाम तय होने पर कहा कि मां गंगा के द्वार हरिद्वार से मेरा आत्मीय नाता रहा है। प्रधानमंत्री के विजनरी नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का सपना अवश्य साकार होगा। इस संकल्प रूपी सेतु के निर्माण के लिए पार्टी ने एक गिलहरी की भूमिका में मुझे चुना है।

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोशल मीडिया में जारी एक पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के संकल्प को मोदी परिवार मिलकर सिद्धि तक पहुंचाएगा। मां



गंगा के द्वार हरिद्वार से मेरा आत्मीय नाता रहा है। इसी लोकसभा के डोईवाला विधानसभा की जनता ने मुझे विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। उनका प्यार सदा मेरे साथ रहा है और मैंने भी उनके भरोसे को कभी टूटने नहीं दिया और पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ वर्षों तक एक जनसेवक की भांति अपने कर्तव्यों का पालन किया ताकि कभी भी मेरे कारण उन्हें सिर न झुकाना पड़े।

उन्होंने कहा कि, 'आज पार्टी ने मुझे अपने इसी परिवार से जोड़ते हुए हरिद्वार लोकसभा की सेवा करने के लिए आगे किया है। जिसके लिए में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह का आभार प्रकट करता हूं। निश्चित रूप से अपने शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पूर्व की भांति मैं पुरी ईमानदारी और कर्मठता के साथ अपनी जनता जनार्दन की सेवा करूंगा। जय मां गंगे!

